संदेश

रामनवमी के शुभ अवसर पर मैं, सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।

यह पावन पर्व मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है जिनकी जीवन गाथा हमें सत्य, धर्म और नैतिकता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। यह पर्व समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के साथ मानवता की सेवा करने का संदेश देता है। राम नवमी का त्योहार हमें त्याग, निस्वार्थ प्रेम और वचन प्रतिबद्धता जैसे जीवन मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित करता है।

आइए, हम भगवान श्री राम के आदर्शों से सीख लेकर सम्पूर्ण मानवता के कल्याण की दिशा में मिलकर कार्य करें।

****